साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**



वर्ष : 4 | अंक : 33 गोंदिया : गुरुवार, दि. 28 मार्च से 3 अप्रेल 2024 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

### बाइक की टक्कर में बुज़ुर्ग की मृत्यु

**गोंदिया**-ग्रामीण थाने के तहत शिवाटोला (तांडा) निवासी हेमराज दौलत गौतम (70) रास्ते के किनारे से अपने घर जा रहा था. इस बीच मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35-एएन 3345 के आरोपी ने गोंदिया-आमगांव मार्ग पर स्थित सावकारटोली के पास पीछे से टक्कर मार दी. जिसमें उसकी मौत हो गई.

## एफएसटी व एसएसटी पथक की 2 कार्यवाही 1 करोड़ 81 लाख की नगद राशि जप्त, तिरोडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत की कार्रवाई



**बुलंद गोंदिया।** लोकसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष तरीके से चुनाव हो तथा किसी भी प्रकार का प्रलोभन मतदाताओं तक न पहुंचे इसके लिए मुख्य चुनाव आयोग के दिशा निर्देश अनुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें विभिन्न स्थानों पर जांच पथक तैनात किए गए हैं। इसी जांच पथक द्वारा तिरोडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार 27 मार्च को 2 अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 81 लाख रुपए की नगद राशि जप्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली बड़ी कार्रवाई गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत गोरेगांव से थाना मार्ग पर ग्राम सोनी के समीपएफएसटी व एसएसटी पथक द्वारा जांच की जा रही थी इस दौरान एक वाहन की जांच किए जाने पर उसमें से एक करोड़ 76 लाख रुपए की नगद राशि जप्त की।

उपरोक्त करवाई टीम के पथक प्रमुख बाबा शिंदे, सरिता लिलहारे, विलास सूर्यवंशी, रंजना चानप , रामानंदा दास, श्यामकला भोयर , संदीप पटले द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। तथा इस अवसर पर गोरेगांव के तहसीलदार किसनभदाणे के मार्गदर्शन में उपरोक्त राशि का पंचनामा कर सिल करते हुए एमएसएफ एप पर उसकी जानकारी दी गई है। उपरोक्त कार्रवाई गोरेगांव के पुलिस निरीक्षक अजय भुसारी द्वारा नियमानुसार की तथा यह कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गोमोसे मैडम हुआ चुनाव निर्णय अधिकारी तथा उपविभागी अधिकारी पूजा गायकवाड के मार्गदर्शन में की गयी।

दूसरी कार्रवाई गोरेगांव मुंडीपार के समीप जांच पथक द्वारा जांच की जा रही थी तो इसी दौरान 5 लाख की नगद राशि जप्त की गई उपरोक्त कार्रवाई भी एफएसटी व एसएसटी पथक द्वारा की गई।

इस प्रकार तिरोडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत व गोरेगांव पुलिस थाना क्षेत्र की सीमा में आज दो कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 81 लाख रुपए की नगद राशि जप्त की गई।

बैंक व पत संस्था की राशि प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 करोड़ 76 लाख रुपए की राशि एक राष्ट्रीयकृत बैंक वह 5लाख की राशि एक सहकारी पत संस्था की है। लेकिन उपरोक्त बैंक व संस्था द्वारा नियमानुसार राशि का परिवहन न किए जाने के चलते यह कार्रवाई की गई है। जप्त की गयी राशि जिला कोषागार में जमा की गई तथा एक जांच टीम द्वारा इसकी जांच कर राशि संबंधित बैंक व सहकारी पत संस्था को वापस की जाएंगी।

## हाथी रोग निवारक गोलियों का सेवन कर सुरक्षित रहें : नायर

### हाथीरोग उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

**बुलंद गोंदिया**- जिले में हाथीपाव रोग से संबंधित मरीजों को कम करने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 5 अप्रैल तक गोंदिया, तिरोड़ा, गोरेगांव और अर्जुनी मोरगांव तहसील में सामुदायिक दवा अभियान चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सामने गोलियां लेकर हाथीपाव की बीमारी को रोका जा सकता है. जिलाधीश प्रजीत नायर ने हाथीरोग निवारक गोलियों का सेवन कर सुरक्षित रहने की अपील जिलाधीश कार्यालय के सभागृह में जिला स्तरीय हाथीरोग उन्मूलन अभियान के शुभारंभ अवसर पर गया.

### जिले में हैं 733 मरीज

जिलाधीश नायर ने बताया कि 2023 के सर्वे के अनुसार जिले में हाथीरोग के 733 मरीज और हाइड्रोसिल के 562 मरीज दर्ज किए गए हैं. हाथीरोग एक मच्छर जनित बीमारी है. हाथीरोग एक मच्छर जनित बीमारी है. इस रोग में रोगी के पैर आकार में मोटे हो जाते हैं और रोगी को चलने-फिरने में कठिनाई होती है. इसके कारण शरीर विकृत और अप्रभावी हो जाता है हाथीरोग क्यूलेक्स विचकी फासिआटस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो मच्छर के काटने से फैलता है.



### स्वास्थ्यकर्मी दो तरह की गोलियां करेंगे प्रदान

हाथीरोग का कोई प्रभावी इलाज नहीं है. अत: इसकी रोकथाम के लिए एहतियाती उपाय के रूप में सामुदायिक औषधि अभियान के दौरान डी.ई.सी. और एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन करना होगा. इससे बचा जा सकता है. बीमारी कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, किंतु एक ऐसी बीमारी है जो शरीर में विकृति पैदा करके स्थायी विकलांगता का कारण बनती है. अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी दो तरह की गोलियां देंगे. डी.ई.सी. उम्र के हिसाब से गोली और एल्बेंडाजोल एक-एक गोली दी जाएगी।

### एमएमडीपी किट वितरित किये गये

इस अवसर पर अतिथियों की ओर से लाभार्थी मंदा आनंद नागरिकर, मालन बनकर और सीताराम सोनवणे को एमएमडीपी किट वितरित की गई. हाथीपाव रोग के बारे में जनजागृति सामग्रियों का विमोचन किया गया. जिप सीईओ मुरुगानंयम, पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, जिला मलेरिया अधिकारी डा. विनोद चव्हाण, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ति कटरे व अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन कापसे उपस्थित थे. कार्यक्रम में जिला महामारी अधिकारी डा. निरंजन अग्रवाल, निवासी वैद्यकीय अधिकारी डा. बी.डी. जयसवाल, जिप के जिला आईईसी अधिकारी प्रशांत खरात व अन्य विभाग के प्रमुख उपस्थित थे.

## डूबने से 2 की मौत वैनगंगा और बाघ नदी की घटना



**मुंडीकोटा/आमगांव**-तिरोड़ा तहसील के वैनगंगा नदी और आमगांव से बहने वाली बाघ नदी में डूबने से 2 लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार तिरोड़ा तहसील के मुंडीकोटा गांव के 4- 5 युवक धूलिवंदन दिवस के अवसर पर देव्हाड़ी बुजुर्ग के पास वैनगंगा नदी में तैरने गए थे. 5 दोस्तों में से एक मुंडीकोटा के अमित पुरुषोत्तम नागदेवे (28) का पैर फिसल गया और नदी डूबने से उसकी मौत हो गई. स्थानीय मछुआरे की मदद से शव बरामद किया गया. करीब 4 घंटे के बाद स्थानीय मछुआरों को शव ढूंढने में सफलता मिली.

आमगांव नगर परिषद अंतर्गत द्वारका धाम बनगांव निवासी धीरज भुवनेश्वर पुंड (32) धूलिवंदन के अवसर पर पदमपुर सावंगी घाट पर बाघ नदी में नहाने के लिए गया था. उसकी मृत्यु हो गई, जांच सालेकसा पुलिस कर रही है.

## 1.98 लाख की धोखाधड़ी

**गोंदिया** -रामनगर थाने के तहत रेलटोली निवासी फिर्यादी चितेंद्र रहांगडाले (43) के बैंक ऑफ इंडिया वैशाली नगर नागपुर के बैंक अकाउंट से लिंक उसके मोबाइल नंबर पर भेज कर 1 लाख 98 हजार 1 रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर उड़ा दिए गए. जबकि फियादी का कहना है कि उसने आज तक किसी भी व्यक्ति को अपने इस अकाउंट के विषय में कोई जानकारी नहीं दी थी. बैंक स्टेटमेंट व फियादी की रिपोर्ट पर रामनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस निरीक्षक केंजले कर रहे हैं.

## शालिमार एक्सप्रेस से 72 बीयर कैन की गई बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**बुलंद गोंदिया**-रेलवे सुरक्षा बल, मंडल टास्क टीम नागपुर द्वारा 22 मार्च को गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला-शालिमार एक्सप्रेस के जनरल कोच से एक व्यक्ति को 72 नग बीयर कैन के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव के ग्राम आलिखुटा निवासी जितेंद्रकुमार सुरेश साहू (30) बताया गया है। यहां बता दें कि मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर दीपचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष जांच अभियान चलाया गया है। इसके तहत मंडल स्तर पर गठित टास्क टीम द्वारा ट्रेनों में विशेष जांच की जा रही हैं।

यह भी पढ़े -बालाघाट से भंडारा देसी कट्टा ले जा रहे तीन आरोपी हिरासत में, दो नाबालिग शामिल

इसी क्रम में 22 मार्च को गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला-शालिमार एक्सप्रेस में जांच करने पर गोंदिया-आमगांव के बीच जनरल कोच में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाया गया। उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें 72 नग बीयर कैन पायी गई। इस बारे में पूछताछ करने पर वह वैध प्रमाणपत्र नहीं दिखा पाया। जिससे अग्रिम कार्रवाई के लिए शासकीय रेल पुलिस गोंदिया को सुपूर्द किया गया ।जीआरपी गोंदिया द्वारा अवैध रूप से शराब परिवहन करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 65(अ)(ई), 66 (बी) शराब बंदी अधिनियम के तहत 23 मार्च 2024 को मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक सागर ठाकरे, आरक्षक सतीश रंजन, आरक्षक राजू पेशने, आरक्षक धनंजय ने अपना सहयोग दिया।

## वाहनों की कर्कश ध्वनि से मिलेगी निजात

### जिला यातायात शाखा ने मोडिफाइड साइलेंसरो पर चलाया रोड रोलर



**बुलंद गोंदिया।** दुपहिया वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर युवाओं द्वारा तेज गति से चलते हुए कानफोड़ू कर्कश आवाज निकलते थे जिस पर लगाम लगाने के लिए जिला यातायात शाखा द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए जनवरी से मार्च तक की गई कार्रवाई में जप्त किए गए मोडिफाइड साइलेंसर वह फैंसी नंबर प्लेट वह अतिरिक्त फैंसी लाइट पर रोड रोलर चलकर नष्ट किया।

गौरतलब है की युवाओं द्वारा दोपहिया वाहनों के साथ छेड़छाड़ कर मोडिफाइड साइलेंसर, फैंसी नंबर प्लेट व तेज रोशनी वाली लाइट लगाकर तेज गति से वाहन चलाते हुए खुद की जान के साथ खिलवाड़ तो करते हैं, साथ ही मार्ग से चलने वाले अन्य वाहन चलाको वह पैदल मुसाफिरों की जान के लिए भी खतरा बने रहते हैं। वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर कानफोड़ू तेज आवाज के साथ त्रिव गति से जब मार्ग से निकलते है तो आसपास से गुजरने वाले लोगों में दहशत निर्माण हो जाती है। इस पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले द्वारा कड़े निर्देश देने के पश्चात जिला यातायात शाखा के प्रभारी किशोर पर्वते द्वारा अब तक दो अभियान चलाते हुए बड़े पैमाने पर मोडिफाइड साइलेंसर, फैंसी नंबर नंबर प्लेट वह तेज रोशनी वाली लाइट को नष्ट किया है। इसी के दूसरे चरण में जनवरी 2024 से 22 मार्च तक की गई कार्रवाई के अंतर्गत जप्त किए गए 65 मोडिफाइड साइलेंसर ,30 फैंसी नंबर प्लेट, 3 सायरन वह 5 प्रेशर हॉर्न वह तेज रोशनी की लाइट को फूलचूर नाका चौक पर दोपहर 12:00 बजे के दौरान रोड रोलर चलकर नष्ट किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले , अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के दिशा निर्देश अनुसार जिला यातायात शाखा के प्रभारी किशोर पर्वते , सहायक पुलिस निरीक्षक राहुल पाटिल के मार्गदर्शन में जिला यातायात शाखा गोंदिया द्वारा किया गया तथा उपरोक्त सभी मामलों में संबंधित वाहन चालकों पर नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई।

### स्टैंड बाजी का वीडियो बनाएं होगी कार्रवाई

अनेक युवा वाहन चालकों द्वारा करतब दिखाने वाहनों पर स्टैंड बाजी की जाती है जिससे वह अपनी जान के साथ तो खिलवाड़ करते ही है साथ-साथ अन्य लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं ऐसे स्टैंड बाजो पर कार्रवाई करने हेतु नागरिक लोग वीडियो शूट कर यातायात शाखा को दे जिसमें उनका नाम गुप्त रखा जाएगा तथा संबंधित दोषी स्टैंडवाजों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- किशोर पर्वते**
**प्रभारी जिला यातायात शाखा गोंदिया**

## इरी, मोरवाही और नवरगांव के लोगों ने दी चेतावनी

### » 3 गांव करेंगे चुनाव का बहिष्कार



**बुलंद गोंदिया**-पिछले कई दिनों से इलाके में बिजली गुल है. है. 24 घंटे में आधे से अधिक घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहने और बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी बिजली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है. जिससे गोंदिया तहसील के नवरगांव (कला), इरी, मोरवाही के नागरिकों ने जिलाधीश को ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि बिजली की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए, अन्यथा आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे.

### अधिकांश समय गुल रहती है बिजली

गोंदिया तहसील के नवरगांव (कला), इरी, मोरवाही में बिजली की समस्या बहुत गंभीर है. 24 घंटे में आधे से ज्यादा समय - बिजली आपूर्ति बंद रहती है. नियमित नबिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण गांव के किसानों की ओर से लगाई गई रबी धान की फसल सूख कर नष्ट हो गई है. रात-रात भर बिजली आपूर्ति बंद होने से बच्चों और बुजुर्ग नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है. इतना ही नहीं परीक्षा अवधि के दौरान पढ़ाई करने वाले बच्चों पर भी असर पड़ा है. समस्या के समाधान के लिए नागरिक विद्युत वितरण कंपनी को कई बार ज्ञापन दे चुके हैं. पिछले महीने झिलमिली स्थित कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन भी किया गया था. तब स्थानीय विधायक विनोद अग्रवाल ने हस्तक्षेप किया. आश्वासन दिया कि समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा. 1 महीने बाद भी बिजली समस्या का समाधान नहीं होने से क्षेत्रवासियों की प्रतिक्रिया है कि विधायक के आश्वासन के बावजूद बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने अनदेखी की है.

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

विधायक के आश्वासन के बावजूद क्षेत्र में बिजली - की समस्या जस की तस बनी हुई है. जिससे क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी हुई है. बिजली की समस्या का समाधान नहीं होने पर आखिरकार इस गांव के नागरिकों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. ऐसा ज्ञापन जिलाधीश को दिया गया है. जिलाधीश क्या भूमिका लेते हैं, इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई है.

## 4 अपराधी एक माह के लिए तड़ीपार

**गोंदिया**-तिरोड़ा थाने के तहत संत रविदास वार्ड निवासी आरोपी सूरज प्रकाश बरियेकर, लाखेगांव निवासी नितीन मोहन देशमुख, काचेवानी निवासी नीलेश शुभाष कराडे व संत रविदास वार्ड निवासी अखिल रहीम खान पठान को उपविभागीय दंडाधिकारी तिरोड़ा ने एक माह के लिए गोंदिया जिले की सीमा से बाहर करने के आदेश पारित किए हैं. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी तिरोड़ा साहिल झरकर ने आगामी चुनाव को देखते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला बदल की कार्रवाई करने का निर्देश दिया. जिसके अनुसार रविदास वार्ड निवासी आरोपी सूरज प्रकाश बरियेकर, लाखेगांव निवासी नितीन मोहन देशमुख, काचेवानी निवासी नीलेश शुभाष कराडे व संत रविदास वार्ड निवासी अखिल रहीम खान पठान पर तिरोड़ा थाने में शराब बिक्री व जुआ भराने के मामले दर्ज है. तिरोड़ा पुलिस द्वारा आरोपियों पर बार-बार प्रतिबंधक कार्रवाई किए जाने के बावजूद उनमे कोई सुधार नहीं हुआ. जिसके चलते तिरोड़ा थाने के पुलिस निरीक्षक देवीदास कठाले ने जिले से तड़ीपार करने के लिए प्रस्ताव उपविभागीय दंडाधिकारी पुजा गायकवाड़ को मंजूरी के लिए भेजा था. जिसके बाद उपविभागीय दंडाधिकारी गायकवाड़ ने आरोपियों को एक माह के लिए गोंदिया जिले की सीमा से बाहर करने के आदेश पारित किए. चारों आरोपियों को आदेश की प्रति तामिल कर उन्हें गोंदिया जिले से एक माह के लिए तड़ीपार कर दिया गया है.



## रावनवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई, 1 गिरफ्तार 25 मवेशियों को जीवनदान



**गोंदिया**-अवैध रूप से चौपहिया वाहन में मवेशी को लद कर बुचड़खाने ले जा रहे मवेशी की जान रावनवाड़ी पुलिस ने 23 मार्च को रात 11 बजे बचाकर मवेशी को कांजी हाउस भेजा है. मिली जानकारी के अनुसार चौपहिया वाहन क्र. एमएच 37- टी 3002 में 25 मवेशी लाद कर चंगेरा से नागपुर ले जा रहे थे. थानेदार पुरषोत्तम अहेरकर, पुलिस उपनिरीक्षक सुनिल अबुरे, सिपाही चौहान ने चंगेरा परिसर में वाहन को पकड़कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गोंदिया ने आभार मानकर गोदिया जिला पुलिस अधीक्षक से गौ माता की रक्षा करने की मांग की है

## संपादकिय...

# चुनाव विपक्ष-मुक्त नहीं

सिर्फ केजरीवाल की गिरफ्तारी के आधार पर इस निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता कि 2024 के आम चुनाव 'विपक्ष-मुक्त' हैं अथवा चुनावी रण समतल नहीं है। केजरीवाल के मुद्दे पर तो संयुक्त विपक्ष की रैली का आह्वान किया गया है, लेकिन हेमंत सोरेन भी झारखंड के चुने हुए मुख्यमंत्री थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया था। सोरेन की मासूमियत पर विपक्ष ने इतना शोर नहीं मचाया, जितना केजरीवाल को लेकर प्रलाप किया जा रहा है कि एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने अदालत में बिंदुवार आरोप गिनाते हुए केजरीवाल को शराब घोटाले का 'सरगना' और 'मुख्य साजिशकार' करार दिया था। हवाला के जरिए करोड़ों रुपए कहां और कब पहुंचाए गए, उनके भी ब्योरे दिए गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने जब ईडी के दस्तावेजों और साक्ष्यों को देखा, तो वे चौंक क्यों गए? केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार क्यों किया? परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की अनुमति क्यों दी? यह कैसे संभव है कि केजरीवाल के समर्थक प्रवक्ता तो सही सवाल उठा रहे हैं कि जांच एजेंसियों को बीते दो साल के दौरान घोटाले की चवन्नी तक बरामद नहीं हुई और अदालतें गलत हैं? बुनियादी सवाल यह है कि क्या केजरीवाल ही विपक्ष का केंद्रीय मुद्दा हैं? क्या एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, यदि वह करोड़ों के भ्रष्टाचार में संलिप्त है? विपक्ष के महत्वपूर्ण घटक उप्र, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा आदि राज्यों में सक्रिय और प्रासंगिक हैं। वे भाजपा-एनडीए के लिए चुनौती ही नहीं, उन्हें पराजित भी कर सकते हैं। फिलहाल वे 'इंडिया' गठबंधन की छतरी तले एकजुट होने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीकात्मक ही है, क्योंकि ताजा संकेतों के मुताबिक, उनमें बिखराव के हालात अभी समन्वय में तबदील नहीं हुए हैं। यकीनन केजरीवाल की उपस्थिति इन राज्यों में गायब है। वे केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है। दिल्ली और पंजाब में कुछ हद तक मतदाताओं की सहानुभूति केजरीवाल के पक्ष में कारगर साबित हो सकती है, लेकिन वह चुनावी लहर की दिशा नहीं बदल सकती।

# गणगौर पूजा : अनुराग उत्पन्न करने वाली

गणगौर एक त्योहार है जो चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन (चैत्र कृष्ण प्रतिपदा) से जो नवविवाहिताएं प्रतिदिन गणगौर पूजती हैं, वे चैत्र शुक्ल द्वितीया के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर अपनी पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं और दूसरे दिन सायंकाल के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। यह व्रत विवाहिता लड़कियों के लिए पति का अनुराग उत्पन्न कराने वाला और कुमारियों को उत्तम पति देने वाला है। इससे सुहागिनों का सुहाग अखंड रहता है



### गणगौर पूजन कब और क्यों

नवरात्र के तीसरे दिन यानी कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को गणगौर माता (मां पार्वती) की पूजा की जाती है। पार्वती के अवतार के रूप में गणगौर माता व भगवान शंकर के अवतार के रूप में ईशर जी की पूजा की जाती है। प्राचीन समय में पार्वती ने शंकर भगवान को पति (वर) रूप में पाने के लिए व्रत और तपस्या की। शंकर भगवान तपस्या से प्रसन्न हो गए और वरदान मांगने के लिए कहा। पार्वती ने उन्हें ही वर के रूप में पाने की अभिलाषा की। पार्वती की मनोकामना पूरी हुई और पार्वती जी की शिव जी से शादी हो गई। तभी से कुंवारी लड़कियां इच्छित वर पाने के लिए ईशर और गणगौर की पूजा करती हैं। सुहागिन स्त्री पति की लंबी आयु के लिए यह पूजा करती है। गणगौर पूजा चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि से आरंभ की जाती है। सोलह दिन तक सुबह जल्दी उठ कर बागीचे में जाती है, दूब व फूल चुन कर लाती है। दूब लेकर घर आती है, उस दूब से दूध के छींटे मिट्टी की बनी हुई गणगौर माता को देती है। थाली में दही, पानी, सुपारी और चांदी का छल्ला आदि सामग्री से गणगौर माता की पूजा की जाती है। आठवें दिन ईशर जी पत्नी (गणगौर) के साथ अपनी ससुराल आते हैं। उस दिन सभी लड़कियां कुम्हार के यहां जाती हैं और वहां से मिट्टी के बर्तन और गणगौर की मूर्ति बनाने के लिए मिट्टी लेकर आती हैं। उस मिट्टी से ईशर जी, गणगौर माता, मालिन आदि की छोटी-छोटी मूर्तियां बनाती हैं। जहां पूजा की जाती है, उस स्थान को गणगौर का पीहर और जहां विसर्जन किया जाता है, वह स्थान ससुराल माना जाता है।

### राजस्थान का अत्यंत विशिष्ट त्योहार

राजस्थान का तो यह अत्यंत विशिष्ट त्योहार है। इस दिन भगवान शिव ने पार्वती को तथा पार्वती ने समस्त स्त्री समाज को सौभाग्य का वरदान दिया था। गणगौर माता की पूरे राजस्थान में पूजा की जाती है। राजस्थान से लगे ब्रज के सीमावर्ती स्थानों पर भी यह त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। चैत्र मास की तीज को गणगौर माता को चूरमे का भोग लगाया जाता है। दोपहर बाद गणगौर माता को ससुराल विदा किया जाता है, यानी कि विसर्जित किया जाता है। विसर्जन का स्थान गांव का कुआं या तालाब होता है। कुछ स्त्रियां जो विवाहित होती हैं, वो यदि इस व्रत की पालना करने से निवृति चाहती हैं वो इसका अजूणा करती हैं (उद्यापन करती हैं), जिसमें सोलह सुहागन स्त्रियों को समस्त सोलह श्रृंगार की वस्तुएं देकर भोजन करवाती हैं। गणगौर का प्रसाद पुरुषों के लिए वर्जित है।

### उत्सव और अनुष्ठान

गौरी पूजन का यह त्योहार भारत के सभी प्रांतों में थोड़े-बहुत नाम भेद से पूर्ण धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन स्त्रियां सुंदर वस्त्र औ आभूषण धारण करती हैं। इस दिन सुहागिनें दोपहर तक व्रत रखती हैं। व्रत धारण करने से पूर्व रेणुका गौरी की स्थापना करती हैं। इसके लिए घर के किसी कमरे में एक पवित्र स्थान पर चौबीस अंगुल चौड़ी और चौबीस अंगुल लंबी वर्गाकार वेदी बनाकर हल्दी, चंदन, कर्पूर, केसर आदि से उस पर चौक पूरा जाता है। फिर उस पर बालू से गौरी अर्थात पार्वती बनाकर (स्थापना करके) इस स्थापना पर सुहाग की वस्तुएं- कांच की चूड़ियां, महावर, सिंदूर, रोली, मेहंदी, टीका, बिंदी, कंघा, शीशा, काजल आदि चढ़ाया जाता है। चंदन, अक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से गौरी का विधिपूर्वक पूजन करके सुहाग की इस सामग्री का अर्पण किया जाता है। फिर भोग लगाने के बाद गौरी जी की कथा कही जाती है। कथा के बाद गौरीजी पर चढ़ाए हुए सिंदूर से महिलाएं अपनी मांग भरती हैं। गौरीजी का पूजन दोपहर को होता है। इसके पश्चात केवल एक बार भोजन करके व्रत का पारण किया जाता है। गणगौर पर विशेष रूप से मैदा के गुने बनाए जाते हैं। लडक़ी की शादी के बाद लडक़ी पहली बार गणगौर अपने मायके में मनाती है और इन गुनों तथा सास के कपड़ों का बायना निकालकर ससुराल में भेजती है। यह विवाह के प्रथम वर्ष में ही होता है, बाद में प्रतिवर्ष गणगौर लडक़ी अपनी ससुराल में ही मनाती है। ससुराल में भी वह गणगौर का उद्यापन करती है और अपनी सास को बायना, कपड़े तथा सुहाग का सारा सामान देती है। साथ ही सोलह सुहागिन स्त्रियों को भोजन कराकर प्रत्येक को संपूर्ण श्रृंगार की वस्तुएं और दक्षिणा दी जाती है। गणगौर पूजन के समय स्त्रियां गौरीजी की कथा भी कहती हैं।

### मस्ती का पर्व

होली के दूसरे दिन से ही गणगौर का त्योहार आरंभ हो जाता है जो पूरे सोलह दिन तक लगातार चलता रहता है। गणगौर के त्योहार को उमंग, उत्साह और जोश से मनाया जाता है। यह उत्सव मस्ती का पर्व है। इसमें कन्याएं और विवाहित स्त्रियां मिट्टी के ईशर और गौर बनाती हैं, उनको सुंदर पोशाक पहनाती हैं और उनका श्रृंगार करती हैं। स्त्रियां और कन्याएं भी इस दिन गहने और कपड़ों से सजी-धजी रहती हैं। गणगौर के दिन कुंआरी कन्याएं एक खेल भी खेलती हैं जिसमें एक लडक़ी दूल्हा और दूसरी दूल्हन बनती है, जिन्हें वे ईशर और गौर कहते हैं और उनके साथ सखियां गीत गाती हुई उन दोनों को लेकर अपने घर से निकलती हैं और सब मिलकर एक बागीचे पर जाती हैं। वहां पीपल के पेड़ के जो इशर और गौर बने होते हैं, वो दोनों फेरे लेते हैं। जब फेरे पूरे हो जाते हैं तब ये सब नाचती और गाती हैं। उसके बाद ये घर जाकर उनका पूजन करती हैं व भोग लगाती हैं।

# सड़क निर्माण में सिलकोट को लेकर हो रही अनदेखी

## संबंधित विभागों की भूमिका सवालों के घेरे में

**गोरेगांव**-तहसील में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य हमेशा ही चर्चाओं में रहे हैं. सिलकोट जैसे महत्वपूर्ण कार्य को छोड़ दिया जाता है. बीते कुछ वर्षों में हुए कार्यों की लगभग यही स्थिति है. बिना सिलकोट के कार्यों को पूरा कर दिया गया है. जिसमें संबंधित विभाग की अनदेखी समझ के परे हैं. जानकारी के अनुसार प्रशासन के कार्य नियोजन अनुसार डामरीकरण सड़क निर्माण चार चरण में किए जाते हैं. जिसमें सबसे पहले डब्ल्यूबीएम गिट्टीकरण उसके बाद एमपीएम व तीसरे चरण में मशीन द्वारा कारपेट किया जाता है. जिसमें अंतिम चरण सिलकोट का होता है. पूरे सड़क को डाबर से सिलकोट किया जाता है, प्रत्येक कार्य नियोजन में 40 प्रश निधि केवल सिलकोट के लिए दी जाती है, किंतु अधिकतर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्यों में यही महत्वपूर्ण सिलकोट कार्य को छोड़ दिया जाता हैं. जिसके चलते डामरीकरण समय के पूर्व ही उखड़ने लगता है. संबंधित विभागों की अनदेखी से बिना सिलकोट बिल निकाले जाने की चर्चाएं हमेशा रही है. जिसमें संबंधित विभागों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है जिसकी जांच जरूरी है.



### घटिया दर्जे के कार्य से असंतोष

उल्लेखनीय है कि गोरेगांव तहसील में इन दिनों मुख्यमंत्री सड़क योजना व सार्वजनिक लोकनिर्माण विभाग के तहत डामरीकरण सड़क निर्माण शुरू है. जिसमें तिरोड़ा-गोरेगांव, सड़क निर्माण, मुंडीपार मांडोदेवी-हरदोली सड़क निर्माण, तिल्ली मोहगांव सड़क निर्माण, घोटी-कालीमाटी सड़क निर्माण, गोरेगांव-ठाना सड़क निर्माण, मेघाटोला-भुताईटोल डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य व बागडबंध- सोनेगांव डामरीकरण, मोहगांव-गोंदिया तथा शहारवानी-लेंडेझरी सड़क निर्माण और कुरहाडी- बोरगांव-कवलेवाडा सड़क निर्माण, गणखैरा सड़क निर्माण कार्य शामिल है. कुछ सड़क निर्माण कार्य अंतिम चरण में है. जिसके सिलकोट अब तक नहीं किए गए है. बीते कुछ वर्षों में बिना सिलकोट के घटिया दर्जे से डामरीकरण कार्य किए गए है. जिसके चलते नागरिक इन कार्यों में नजर बनाए हुए हैं.

### कार्य अधूरे होने से सिलकोट करना बाकी

इस विषय पर लोक निर्माण विभाग के उप विभागीय अभियंता गायकवाड ने कहा कि विभाग के तहत चल रहे अधिकतर कार्य अभी अधूरे हैं. जिसमें सिलकोट होना बाकी है.

# आप ने किया केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध

**भंडारा**-आम आदमी पार्टी की भंडारा जिला इकाई ने जिला मुख्यालय के सामने त्रिमूर्ति चौक में प्रदर्शन कर सार्वजनिक रूप से दिल्ली मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया. दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के ष्ट्राष्टीय संगठक अरविंद केजरीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने व गिरफ्तार कर लिया. घटना के विरोध में आम आदमी पार्टी भंडारा जिले की ओर से स्थानीय त्रिमूर्ति चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया. इस अवसर पर आप के जिला अध्यक्ष चंचल साल्वे, जिला संगठन मंत्री दिलीप निखाड़े, जिला प्रवक्ता डा. नितिन तुरस्कर, जिला महासचिव उज्वल शहारे, जिला व्यापार संघ के रवि अग्रवाल, तुमसर तहसील अध्यक्ष राजेश हुकरे, भंडारा शहर अध्यक्ष अतुल लोटाने, तुमसर शहर अध्यक्ष इंजी. मीतारामजी उके, संदेश मटे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनता उपस्थित थी.



# बाई गंगाबाई अस्पताल में डाउन सिंड्रोम पर जनजागृति

**गोंदिया** -बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में विश्व डाउन सिंड्रोम डे के उपलक्ष्य में जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया. गया. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अमरीश मोहवे के हाथों किया गया.



प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिनकुमार उईके, गंगाबाई अस्पताल की अधीक्षक डॉ. नितिका पोयाम, केटीएस के आर.एम.ओ. डॉ. बी. डी. जायस्वाल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुवर्णा हुवेकर, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. पद्मिनी तुरकर, डॉ. वर्षा रहांगडाले, डॉ. शेंडे, डी.ई.आई मैनेजर पारस लोणारे एवं समुपदेशक अजित सिंह उपस्थित थे. फिजियोथेरेपेस्टि प्रकृति मनोहर ने डाउन सिंड्रोम के बारे में जानकारी दी. बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन उईके ने उपस्थित माता-पिता को डाउन सिंड्रोम के लक्षण, निदान व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिला शल्य चिकित्सक डॉ.मोहबे ने कहा कि बाई गंगाबाई अस्पत्ताल के डी.ई.आई.सी. केंद्र से डाउन सिंड्रोम पीड़ित बच्चों को निःशुल्क निदान व उपचार की सुविधा महाराष्ट्र सरकार की ओर से की गई है. नागरिक इसका लाभ उठाएं. डॉ.हुबेकर ने कहा कि डाउन सिंड्रोम पीड़ित बच्चों के प्रति सहानुभूति की नहीं अपितु पुनर्वसन व उपचार की जरूरत होती है. इसलिए इस विषय में समाज में जनजागृति करनी चाहिए, कार्यक्रम का संचालन प्रयोगशाला वैज्ञानिक अधिकारी त्रिभुवन लिल्हारे एवं आभार प्रदर्शन श्रयण तंत्रज्ञ ने किया. इस अवसर पर डी.आई.सी. में डाउन सिंड्रोम के विषय में स्वास्थ्य प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसका माता- पिता ने लाभ लिया.

# करंट से जंगली भैंसा की मौत वन्यजीवों से त्रस्त किसान ने खेत में बिछाया था विद्युत प्रवाह

**गोरेगांव** -गोरेगांव वन विभाग में स्थित मुरदोली वन परिक्षेत्र में किसान पिछले अनेक महीनों से वन्य प्राणियों के आतंक से परेशान है. किसानों द्वारा शिकायत करने पर भी वन विभाग अनदेखी करने में लगा है. जिसका दुष्परिणाम अब सामने आ रहा है. वन्य प्राणियों के आतंक से परेशान एक किसान ने कानून खुद अपने हाथ में लेने का काम किया हैं. मुरदोली ग्राम के निवासी रोशन बालचंद कटरे द्वारा अपने ही खेत में करंट बिछाया गया. जिसकी चपेट में जंगली भैंसा आ गया. उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वन विभाग डीएफओ दिलीप पंचभाई, गोरेगांव आरएफओ गाड़वे व वन विभाग टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया. जिसमें आरोपी किसान रोशन कटरे को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार गोरेगांव वन परिसर में मुरदोली, लिंबा, तिल्ली मोहगांव, बोडुंदा आसलपानी क्षेत्र में हमेशा ही वन्य प्राणियों के आतंक से किसान परेशान रहे हैं. हर वर्ष



किसानों को लाखों का नुकसान होता है, किंतु वहीं वन विभाग की ओर से मुआवजा नहीं के बराबर है, जो किसानों के परेशानी का कारण बन गया है. वन विभाग किसानों की शिकायतों पर ध्यान नहीं देता है. जिसके चलते वन्य प्राणियों की भी जान जा रही है. जिसका एक उदाहरण मुरदोली घटना में देखा जा सकता है. गांव में चर्चा होने के बाद घटना का खुलासा हो पाया है. इस बीच क्षेत्र में इस प्रकार की और भी घटनाएं होने की संभावना बढ़ गई है. वन विभाग की अनदेखी का खुलासा हो सकता है. डीएफओ दिलीप पंचभाई ने क्षेत्र के सभी किसानों को ऐसा %कोई गलत कदम न उठाने की सलाह दी है. साथ ही अपने खेतों में झटका मशीन का उपयोग करने का आह्वान किया है

# धूमधाम से मनाई गई होली, झूमे युवक

**बिरसीफाटा/तिरोड़ा** -रंग और गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और डीजे पर होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार को बिरसीफाटा, गुलाबटोला, लाखेगांव, बोपेसर व परिसर के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे. हर तरफ होली की धूम थी. बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे. सोमवार को पूरे तहसील में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया. होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगी थी. रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे.सुबह होते-होते लोग होली की मस्ती में डूब गए. बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी. होली है, होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी. बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे. सोमवार की सुबह मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा. यहीं हाल आमजनों का भी रहा. सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में नजर रहा था. होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा. सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करते नजर आए. होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी. समूह में बंट कर लोग एक-दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी. बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा.

# केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या

**गोंदिया**-लोगों के संभावित विरोध से डरकर ऐन लोकसभा चुनाव के समय आर. एस. एस. संचालित तानाशाह मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है और इसके पूर्व कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करना अर्थात लोकतंत्र की हत्या है। चुनावी बांड घोटाला सामने आने के बाद भयभीत भाजपा सरकार की की बदले की राजनीति बेहद निचले स्तर पर पहुंच गयी है. यह देश के सभी लोकतांत्रिक लोगों के लिए एक चेतावनी है,जिसका तीव्र निषेध करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गोंदिया जिला सचिव मिलिंद गणवीर ने सभी लोगों से लोकतांत्रिक तरीकों से इस दुष्ट कृत्य की कड़ी निंदा करने एवंम लोकसभा चुनाव मे इन्हें सत्ता से तडीपार करने की अपील की है।

# महिला की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास



**गोंदिया**-तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया निवासी आरोपी यशवंत भाऊलाल लिल्हारे (32) को मृतक महिला अंतकला तेजराम सेलोकर के साथ लूटपाटकर गंभीर रूप से जख्मी कर हत्या करने के मामले में दोषी करार देते हुए जिला न्यायाधीश क्र. 1 व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए. एम. खान द्वारा दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई. तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरलांजी पोस्ट परसवाड़ा निवासी फरियादी तेजराम तुलाराम सेलोकर उम्र 50 वर्ष की पत्नी अंतकला तेजराम सेलोकर उम्र 43 वर्ष यह 11 अप्रैल 2019 की सुबह 8ः00 बजे के दौरान खेत परिसर में अपने मवेशियों को चराने लेकर गई थी. जहां उसके अकेले होने का लाभ उठाते हुए आरोपी पिपरिया निवासी यशवंत भाऊलाल लिल्हारे उम्र 32 वर्ष द्वारा उसके सिर पर वह गले पर तथा चेहरे पर लकड़ी व धारदार हथियार से हमला कर गले से 5 ग्राम वजन के सोने का मंगलसूत्र व 20 सोने के मनी इस प्रकार कुल 21000 के कीमत के सोने के जेवरात जबरन उसके अंग से निकलकर गंभीर रूप से जख्मी कर फरार हो गया था। इसी दौरान ग्राम के निवासी अरविंद भगत द्वारा मार्ग पर जख्मी अवस्था में महिला के दिखाई देने पर इसकी जानकारी फिर्यादी को दी, इसके पश्चात जख्मी महिला को उपचार के लिए गोंदिया के एक निजी चिकित्सालय में दोपहर 2ः50 पर दाखिल कराया गया किंतु स्थिति चिंताजनक होने पर उसे आगे के उपचार के लिए नागपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया। उपचार के दौरान 21 मई 2019 को उसकी मौत हो गई।

उपरोक्त मामले में मृतक के पति तेजराम सेलोकर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दवनीवाडा पुलिस थाने में भादंवि की धारा 302, 397 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच तत्कालीन जांच अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक जयदीप दलवी द्वारा कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

उपरोक्त प्रकरण में न्यायालय में सरकार की ओर से जिला सरकारी वकील अभियोक्ता महेश चादवानी, अतिरिक्त सरकारी वकील कृष्ण डी पारधी द्वारा 18 गवाह को न्यायालय के समक्ष पेश किया। शासकीय वकील द्वारा पेश किए गएगवाह व सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास वह 10000 जुर्माने की सजा जुर्माना न भरने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास व धारा 397 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास वह 10000 का जुर्माना जुर्माना न भरने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय द्वारा जिला विधि सेवा प्राधिकरण गोंदिया को धारा 357 2 के अनुसार फरियादी को सानुग्रह नुकसान भरपाई देने का आदेश दिया। पैरवी कर्मचारी श्रीकांत मेश्राम ने की।

# धान की सुरक्षा तिरपाल के भरोसे खरीदी केंद्रों पर खुले में पड़ा है लाखों क्विंटल धान



गोंदिया-जिला मार्केटिंग फेडरेशन व आदिवासी विकास महामंडल के माध्यम से समर्थन मूल्य धान खरीदी केंद्र से 25 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है, किंतु संग्रह के लिए पर्याप्त गोदाम नहीं हुई. जिसके कारण खरीदा गया धान खुले में पड़ा है. जिले में पिछले 2-3 दिनों से बेमौसम बारिश हो रही हैं. जिससे खुले में पड़े धान की सुरक्षा तिरपाल पर निर्भर हैं. पानी में धान गिला होते कसे करोड़ों का नुकसान होने की बेमौसम बारिश ने बत आशंका जिले में खरीफ मौसम 2023-24 के दौरान समर्थन मूल्य खरीदी योजना के तहत किसानों से धान की खरीदी की गई थी. इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए 32 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है. लक्ष्य पूरा नहीं होने के कारण धान खरीदी की समय सीमा बढ़ा दी गई है.

जिले के पंजीकृत किसानों ने समर्थन मूल्य केंद्र में 25 लाख क्विंटल से अधिक धान बेचा, लेकिन सरकार और राइस मिलर्स के बीच समझौता नहीं हुआ. जिसके कारण मिलिंग नहीं हो सकी. इसका असर इस सीजन में खरीदे गए धान पर पड़ रहा है. गोदाम हाउसफुल है और कई केंद्रों पर खरीदा गया धान केंद्र परिसर में ही पड़ा है. संस्था संचालक और ग्रेडर को तिरपाल ढककर धान को बचाया जा रहा है. धान की सुरक्षा खतरे में है. इस बीच पिछले दो-तीन दिनों से जिले में बेमौसम बारिश हो रही है. इससे चिंता और बढ़ गई है. तस्वीर से पता चलता है कि बेमौसम बारिश से धान भीग जाएगा और बड़ी गिरावट आएगी. जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होगा.

# हटाया गया सड़क किनारे का अतिक्रमण नप और यातायात पुलिस ने चलाया अभियान




**गोंदिया**- शहर की सड़कों पर व्यापारियों ने अतिक्रमण कर रहा था। इससे आवागमन में बाधा निर्माण हो रही थी। शहर की गांधी प्रतिमा से श्री टॉकीज चौक तक एक ही मार्ग पर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में 40 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। यह कार्रवाई 23 मार्च को की गई। इस अभियान में विभाग की ओर से दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे गए बोर्ड को जब्त किया गया। बता दें कि गोरेलाल चौक से गांधी प्रतिमा चौक तक दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के बोर्ड सड़कों पर रख दिए जाते हैं। इससे आवागमन में बाधा निर्माण होती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद और यातायात पुलिस विभाग ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। गांधी चौक के अनेक व्यापारियों ने दुकानों की सामग्री सड़कों तक लाई थी। जिसे जब्त किया गया है। इस अभियान में नप के उपअभियंता राजीव जाधव, राहुल तिवारी, विवेक सर्पे, अनूप तुरकर, राजेश सव्वालाखे, सलाम कुरैशी, संजय उके, जिला यातायात शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक राहुल पाटील, शहर पुलिस थाने के पुलिस उपनिरीक्षक मंगेश वानखेड़े, पुलिस हवलदार गिरधर बारसे, प्रदीप रहांगडाले, वैभव बडवाईक, दीपक भेंडारकर, आर.एस. माहुले, कैलाश माहुरकर, जाफर अली, अतुल हर्षे, सुमित डोंगरे, प्रेमलाल ताराम, ईश्वर ढेकवार, अनिता भोंडेकर, टामेश्वर गौतम, निलेश चेटुले, वशिम पठान, महेंद्र ताराम शामिल हुए।

# 168 को भेजा नोटिस जानलेवा बनीं जर्जर इमारतें

**गोंदिया**-शहर में 168 जर्जर इमारतें हैं. इनके ढहने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. नगर परिषद की ओर से अब तक इस पर ध्यान नहीं देने से बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. पिछले बारिश के दिनों में जिले में बड़ी संख्या में घर टूट कर क्षतिग्रस्त हुए हैं. शहर में जर्जर इमारतों के लिए योजना बनाना भी जरूरी हो गया है. अन्यथा किसी अप्रिय घटना का सामना करना पड़ेगा. अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए नगर परिषद ने जर्जर इमारतों का सर्वेक्षण कराया और 168 जर्जर इमारतों के मालिकों को नोटिस भेजा, किंतु उस पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई. हर साल जब मानसून आता है तो जर्जर इमारतों की समस्या सामने आती है. जर्जर इमारतों को लेकर मचे हाहाकार के बाद नगर परिषद ने इमारत मालिकों को नोटिस जारी कर अपना पल्ला झाड़ लिया है. अभी तक नगर परिषद द्वारा एक भी जर्जर इमारत को नहीं तोड़ा गया है. शहर में कई जर्जर इमारत हैं. इसका रिकॉर्ड भी नगर परिषद के पास है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है. अब तक स्ट्रक्चरल ऑडिट नहीं बरसात के दिनों में ऐसे घरों में रहना मतलब अपनी जान जोखिम में डालना है. बारिश के मौसम में उत्पन्न होने वाले खतरे को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने नगर नियोजन विभाग के माध्यम से शहर के जर्जर इमारतों का सर्वे कराया जिसमें 168 इमारतें जर्जर पाए गए हैं. नगर परिषद ने इमारत मालिकों को नोटिस जारी किया है. इनमें से कुछ इमारतें जर्जर और खतरनाक है. शहर में जर्जर और खतरनाक इमारतों की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है. लेकिन फिर भी इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कर उन इमारतों को गिराने की कार्रवाई नहीं की जा रही है.

# शहीद रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया

तिरोड़ा-देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाली अमर शहीद विरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का 166वां बलिदान दिवस पर रानी अवंतीबाई नप पाठशाला में स्थापित प्रतिमा पर व शहर के खैरलांजी रोड़ तथा रेलवे स्टेशन पर जाने वाले रास्ते पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. पाठशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. जिसमें अनेक युवाओं ने रक्तदान किया. इस अवसर पर भेदलाल लिल्हारे, गंगाराम तिवडे, सुरश्याम मस्करे, संजू सव्वालाखे, रमनलाल नागपुरे, शोभेलाल लिल्हारे, शितल तिवडे, सुनीता लिल्हारे, राजश्री उपवेशी, सुचिया नागपुरे, सिंधु हिरापुरे, शोभा कुतराहे, खुशबू तिवडे, उर्मिला तिवडे, रुपाली दमाहे, शुभांगी चौधरी, वैशाली निखाडे, सुनीता चिखलोंडे, माया हीरापुरे, बादल हीरापुरे, राजा मस्करे, पूर्व प्राचार्य हितेश मंत्री, तवकल वेग, सवकल बेग, लेखराज हीरापुरे, शिवाजी तिवडे, संजू जांभुलकर, सुनील हिरापुरे, शरद लिल्हारे, ईश्वर दुधबुरे आदि उपस्थित थे.

# तय जगह पर ही बनाएं कोल्हापुरी बांध, जल संरक्षण विभाग को ज्ञापन गया सौंपा



**गोंदिया**-जिले की सड़क अर्जुनी में ग्राम सभा व ग्रामीणों द्वारा सुझाए गए स्थान पर कोल्हापुरी पद्धति से बांध का निर्माण नहीं कर गलत स्थान पर किया जा रहा है. जिससे बाढ़ की स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है. पूर्व जिला परिषद सदस्य मिलन राऊत ने मांग की है कि संभावित खतरे से बचने नियोजित स्थान पर ही बांध का निर्माण कार्य कराया जाए. शशिकरण नदी सड़क अर्जुनी तहसील में कोहमारा कोसबी ग्रापं सीमा से होकर बहती है. जल स्तर को बढ़ाने व कृषि सिंचाई के लिए पीने के पानी के साथ-साथ जानवरों और जंगली जानवरों के लिए भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध कराने और कोहमारा में नदी पर कोल्हापुरी पद्धति का बांध बनाने को लेकर जल संरक्षण विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है. उल्लेखनीय है कि पिछले साल कोहमारा में शशिकरण पहाड़ी के पास कोल्हापुरी बांध को मंजूरी दी गई थी. कोहमारा की मासिक बैठक व ग्रामसभा में नदी पर गोंडी घाट स्थान पर बांध बनाने का निर्णय लिया गया. भूजल विभाग इस स्थान पर पानी की जांच कर रहा था किंतु, निर्माण के दौरान हर बार निर्धारित जगह को छोड़कर गलत जगह पर निर्माण शुरू कर दिया गया है.

**बस्तियों में बाढ़ का पानी घुसने की आशंका**

जिस स्थान पर निर्माण हो रहा है. वह लाल मिट्टी से ढका हुआ है और संभावना है कि मानसून के दौरान बाढ़ का पानी बढ़ेगा और मिट्टी दोनों तरफ से बह जाएगी. बाढ़ का पानी बढ़ा तो श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क डूब जाएगी और आवागमन अवरुद्ध हो जाएगा. इस स्थान पर स्मशान घाट और श्मशान शेड है, जिसके बहने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. नीचले इलाकों में गांव के घर हैं, ऐसे में बस्तियों में बाढ़ का पानी घुसने की आशंका अधिक है. इसके अलावा खेती पर भी असर पड़ने की आशंका है. निर्धारित स्थल पर ही निर्माण कराए जाने की मांग हो रही है.

**ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

ग्रामीणों ने कोल्हापुरी बांध का निर्माण नियोजित स्थान पर नहीं करने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. अन्यथा इसके खिलाफ रास्ता रोको आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है. इस संबंध में लिखित ज्ञापन विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे व सांसद सुनील मेंढे को सौंपा गया है.

# पानी के लिए भटक रहे नागरिक अनियमित जलापूर्ति से जल संकट के आसार



**गोंदिया**-गर्मी शुरू हो गई है. जिससे पानी की मांग बढ़ गई है. वहीं दूसरी ओर शहर के कई हिस्सों में जलापूर्ति नहीं होने से जलसंकट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. मजीप्रा द्वारा क्रियान्वित जलापूर्ति योजना अप्रभावी साबित हुई है. जिससे श्रीनगर, गांधी वार्ड, शास्त्री वार्ड समेत कई इलाकों में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है. गोंदिया शहर में 21 प्रभाग हैं. जिनमें 42 वार्ड शामिल हैं. इस वार्ड में नल धारकों को महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की जल आपूर्ति योजना के तहत पानी की आपूर्ति की जाती है. मजीप्रा के रिकॉर्ड में करीब 25,000 नल ग्राहक दर्ज हैं. इस बीच पिछले वर्ष से शहर में नल कनेक्शनधारियों को जलापूर्ति योजना के तहत अनियमित जलापूर्ति की जा रही है गर्मी शुरू हो गई है, पिछले 3-4 दिनों से श्रीनगर, गांधी वार्ड, शास्त्री वार्ड में पानी की आपूर्ति नहीं होने से इन क्षेत्रों के निवासियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. इस क्षेत्र के नागरिकों ने महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के कर्मचारियों से शिकायत की, किंतु अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है. जिससे पानी की समस्या बनी रहती है. गर्मी की शुरुआत में ही शहर में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं, ऐसे में गर्मी में क्या होगा, यह सवाल शहरवासियों को परेशान कर रहा है. नागरिकों ने संबंधित विभाग द्वारा शीघ्र जलापूर्ति की समस्या का समाधान नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है

# 1 पिस्तौल, 5 तलवार व गुप्ती जब्त




**गोंदिया**-जिला पुलिस विभाग की ओर से जिले भर में कोंबिंग ऑपरेशन चलाकर 1 पिस्तौल, 1 जिंदा कारतूस, 5 तलवार, 1 गुप्ती सहित अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई कर लाखों रु. का माल जब्त किया है. यह कार्रवाई 23 से 24 मार्च के बीच की गई. आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामलें दर्ज किए गए हैं.पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा द्वारा जिले के पुलिस थाना प्रभारियों को त्यौहार और चुनाव के मद्देनजर अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए एनडीपीएस में गए. जिस पर जिले भर में पुलिस विभाग की ओर से कोंबिंग ऑपरेशन चलाया गया. उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी वानकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक दिनेश लबड़े, पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सूर्यवंश के नेतृत्व में गोंदिया शहर, रामनगर, ग्रामीण परिम्मर में 23 और 24 मार्च को सी-60 पथक के साथ संयुक्त कार्रवाई के लिए कोविंग ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान गोंदिया शहर के पैकनटोली, गौतमनगर, कुंभारेनगर, सावराटोली, छोटा गोंदिया, रामनगर, कुड़वा, जब्बारटोला के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के घर की तलाशी ली गई. जिसमें पैकनटोली निवासी आरोपी अतिश संतोष करोसिया (30) के पास से तीन तलवार, मुर्री निवासी आरोपी कांतिलाल सूरजलाल ढोमणे के पास से एक नग तलवार व गुप्ती, बाजपेयी वार्ड मुरी रोड निवासी आरोपी शुभम पुरुषोत्तम हरदिये (25) के पास से पिस्तौल, जिंदा कारतूस, पैकनटोली गोंदिया निवासी पंकज कुमार चंद्रप्रकाश उर्फ संतोष आग्रे (19) के पास से तलवार जब्त की गई.

# कारबेट गैस के सिलेंडर में विस्फोट काफी दूर तक सुनाई दी आवाज



**भंडारा**-तुमसर के बजाज नगर, देव्हाडी रोड, पेट्रोल पंप के समीपस्थ शेंडे वेल्डिंग वर्कशॉप में मंगलवार को बाजार के दिन शाम में करीब 5.30 बजे कारबेट गैस के सिलेंडर में बड़ा विस्फोट हो गया. इस दौरान बड़ी आवाज गूंजी. कुछ लोगों ने आग को काबू करने के लिए रेत एवं पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया. कुछ समय पश्चात लगभग आग बुझ गई थी. इसके कुछ समय बाद नगर परिषद तुमसर से अग्निशमन दल पहुंचा तथा आग बुझाने का प्रयास किया. इस मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई. गैस सिलेंडर एक साथ जलने से बाजार परिसर में एक धमाकेदार आवाज हुआ. बाजार परिसर में लगे सब्जी बाजार के दूकानदार भयभीत हो गए थे. सिलेंडर को आग लगने से देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हुई. इसके पश्चात पुलिस पहुंची और मौकास्थल पर घटना की जांच की गई. वेल्डिंग वर्क्स शॉप मालक सुनील शेंडे ने बताया कि गस सिलेंडर अचानक लीक होने से सिलेंडर को आग लगी आग बुझाई गयी. कोई जनहानि नहीं हुई.

# व्यापारी फेडरेशन ने मनाया होली मिलन समारोह



**गोंदिया**,-जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष किरणकुमार मूंदड़ा के निवास स्थान पर होली पर्व पर सभी व्यापारियों का होली मिलन समारोह जिला व्यापारी फेडरेशन की ओर से पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल व राजेंद्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में हुआ. समारोह में महावीर मारवाड़ी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, फेडरेशन महासचिव अपूर्व अग्रवाल, गजेंद्र फुंडे, राजकुमार तिवारी, राजेंद्र बग्गा, दिनेश जयपुरिया, अजय खंडेलवाल, विशाल अग्रवाल, लख्मीचंद रोचवानी, माधवदास खटवानी, अशोक चौधरी, नंदकिशोर सोनछात्रा, डा.टी.पी. येडे, नरेश गुप्ता, हरीश शिवहरे, सी.ए. सुशील सिंघानिया, सी.ए. सुनील अनवानी, कुंजबिहारी जाजू, महेंद्र ठक्कर, अजयसिंह गौर, कमल पुरोहित, देवेंद्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल (लिली), अमरचंद अग्रवाल, दिनेश बैद, दिलीप खटवानी, मनीष मूंदड़ा, कवरराम अरोर, राजू अग्रवाल, अमर मैनानी, दिलीप होतचंदानी, अशोक गुप्ता, मोहित मूंदड़ा आदि उपस्थित थे. सभी व्यापारी बंधुओं ने होली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया. संचालन व आभार - अपूर्व अग्रवाल ने माना.

# व्यापारियो पर हुयी ज्यादती की ओर ध्यानाकर्षण करने हेतु जिला व्यापारी असोसिएशन ने दी जिला पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका प्रशासक के पास दस्तक



**गोंदिया** -23 मार्च को गोंदिया नगर परिषद,एवम यातायात पोलिस शाखा द्वारा शहर के मुख्य मार्ग के व्यापारियों के साथ अतिक्रमण हटाने के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी निजी मालकियत की जगह से बिक्री हेतु रखा सामान एवम साहित्य उठाकर ले जाया गया था, उसके विरोध में ज्ञापन देने आज गोंदिया जिला व्यापारी चैरिटेबल असोसिएशन के पदाधिकारीयो ने जाकर एस.पी. श्री निखिलजी पिंगले को पूर्ण घटना की जानकारी प्रदान करते हुए गलत प्रकार से की गयी कार्यवाही के विरोध मे ज्ञापन सौंपकर किस प्रकार व्यापारियों को परेशान किया गया इस बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

एसपी साहब का कहना था कि यह मुहिम नगर परिषद के द्वारा चलाई गई थी एवं नप ने पुलिस विभाग को उसमें सहयोग करने के लिए बुलाया गया था, तथा जो कुछ घटना हुई है उसकी भी जांच करके व्यापारियों के साथ उचित न्याय दिलाएंगे।

उसके पश्चात व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिषद प्रशासक श्री सुनील बल्लाल के पास जाकर 23 मार्च को जब होली एवं रमजान की ग्राहकी शबाब पर थी व्यापरियों के साथ ज्यादति की गयी उसकी जानकारी दी तब उन्होंने मुहिम के संचालक नगर परिषद के अभियन्ता श्री जाधव से इस घटना के संदर्भ में जवाब तलब कर स्पस्टीकरण मांगकर कार्रवाई को उद्दंडता के साथ क्यों कीया गया यह कहा इस दौरान व्यापारियो ने कहा कि जाधव साहब उसदिन आपने अपना परिचय पत्र नही दिखाया अभी दिखा दीजिये तब उन्होंने बगले झांकते हुये प्रशासक महोदय के समक्ष भी परिचयपत्र न होने की स्वीकारोक्ति की।

प्रशासक साहब ने उस दिन की घटना के प्रति खेद प्रकट किया एवं विश्वास दिलाया की भविष्य में ऐसी कोई पुनरावृत्ति नहीं होगी, यह व्यापारी असोसिएशन ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की मूहिम जारी रहना चाहिए परंतु प्रणाली लोकतांत्रिक तरीके से पूर्व सूचना देकर होनी चाहिए।

सीओ साहब ने आश्वासन दिया है कि व्यापारि असोसिएशन को सूचना प्रदान करके ही अब आगे इस प्रकार की कोई भी कार्रवाई की जाएगी तथा गोंदिया शहर के यातायात को सुचारू एवं सुविधाजनक, बनाने हेतु अतिक्रमण हटाया जाएगा। यह व्यापारी एकता की जीत है कि हम संगठित हैं तथा अपने अधिकारो के लिए मजबूत संगठन के साथ अपनी आवाज उठाते हैं जिसके कारण आज हमे प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा न्याय प्राप्त हुआ। एवं भविष्य के लिए सहयोग का वादा भी प्राप्त हुआ है। प्रतिनिधि मंडल मे अध्यक्ष संजय जैन, सचिव लक्ष्मण लधानी, कोषाध्यक्ष महेंद्र खंडेलवाल, राजा ईसरका, विजय अग्रवाल आरटीआई, छैल बिहारी अग्रवाल, राजेश्वर कनौजिया, रितेश अग्रवाल (टक्कू प्यारा भवन) नितिन जिंदल, नांटू सहा, रवि लधानी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टीबी हारेगी, देश जीतेगा के नारों से गूंज उठा शहर



**बुलंद गोंदिया**-राष्ट्रीय क्षयरोग दूरीकरण कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य प्रशासन, जिला क्षय रोग केंद्र व राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया. जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जि.प.सीईओ एम. मुरुगानंथम एवं मेडिकल कॉलेज अधिष्वाता डॉ कुसुमाकर घोरपडे की मार्गदर्शक सूचना अनुसार विश्व क्षयरोग दिवस पर जिला, तहसील, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उपकेंद्रों की ओर से विविध जनजागृति के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिला क्षयरोग केंद्र में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अमरीश मोहवे, जिला गोंदिया राष्ट्रीय क्षयरोग दूरीकरण कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य प्रशासन, जिला क्षय रोग केंद्र व राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया. जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जि.प.सीईओ एम. मुरुगानंथम एवं मेडिकल कॉलेज अधिष्वाता डॉ कुसुमाकर घोरपडे की मार्गदर्शक सूचना अनुसार विश्व क्षयरोग दिवस पर जिला, तहसील, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उपकेंद्रों की ओर से विविध जनजागृति के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिला क्षयरोग केंद्र में जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अमरीश मोहवे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितीन वानखेडे, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश चौरागडे, डॉ. देवदास चांदेवार, डॉ. विनोद चव्हाण, केटीएस जिला सरकारी अस्पताल वैद्यकीय अधिकारी डॉ. अजय घोरमारे, जिला मौखिक अधिकारी डॉ.अनिल आटे व अन्य के हाथों डॉ.रॉबर्ट कॉक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई. पश्चात क्षयरोग जनजागृति प्रभातफेरी केटीएस अस्पताल से निकाली गई. रैली केटीएस अस्पताल से इंदिरा गांधी स्टेडियम मैदान, बाजार चौक व जयस्तंभ चौक तक निकाली गई. रैली के माध्यम से टीबी हारेगा-देश जीतेगा के नारे लगाए गाए. महात्मा गांधी प्रतिमा के पास पथनाट्य पेश किया गया. पथनाट्य को देखने नागरिकों की भीड़ उमड़ी. कार्यक्रम के तहत संबंधित विभाग की टीम की ओर से जिला क्षयरोग अधिकारी कार्यालय के दर्शनीय भाग में रंगोली निकालकर रंगोली के माध्यम से क्षयरोग बीमारी के बारे में संदेश दिया गया. कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला कार्यक्रम व्यवस्थापक अर्चना वानखेडे, जिला क्षयरोग समन्वयक प्रज्ञा कांबले, जिला माध्यम व विस्तार अधिकारी प्रशांत खरात ने परिश्रम किया.

# 31 से पूर्व धान उत्पादकों को दिया जाए बोनस

## जिलाधीश नायर को सौंपा गया ज्ञापन



**अर्जुनी मोरगांव**-विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्था की ओर से शासन स्तर पर बार-बार किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया. बावजूद शासन की ओर से घोषित बोनस किसानों के खाते में नहीं डाला जा रहा है. इस कारण किसानों में नाराजी छाई है. इस ओर सरकार द्वारा गंभीरता से ध्यान देकर 31 मार्च के पूर्व बोनस जमा करें. असल में 31 मार्च तक किसानों को फसल कर्ज बैंक में जमा करना है, लेकिन किसानों के पास रुपए नहीं होने से फसल कर्ज भरना संभव नहीं होगा, जिससे किसान चिंता में नजर आ रहे हैं. विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्था संगठन की ओर से अर्जुनी मोरगांव संगठन के अध्यक्ष ललित बालबुद्धे के नेतृत्व में जिलाधीश, उपजिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया, किसानों के खातों में बोनस की राशि जमा करने में टालमटोल किया जा रहा है. प्रतिनिधि मंडल में प्यारेलाल गौतम, डा. योगेश हरिणखेड़े, शंकर पटले आदि उपस्थित थे।

# तहसीलदार पोयाम का सत्कार

**सड़क अर्जुनी**-तहसील कार्यालय में तहसीलदार का पद अक्षय पोयाम ने संभाल लिया है. शासकीय व गैरशासकीय सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन तहसील सड़क अर्जुनी द्वारा तहसीलदार पोयाम का सत्कार किया गया. इस अवसर पर सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार भाऊराव यावलकर, सेवानिवृत्त शिक्षक आर. वी. मेश्राम, सेवानिवृत्त फौजदार सुखदास मेश्राम, सेवानिवृत्त शिक्षक विजय गजभिये, पुरुषोत्तम बडोले, बालकृष्ण येरणे, पी. टी. रहांगडाले आदि उपस्थित थे.



# वन विभाग ने मनाया होलिकोत्सव



**आमगांव**-आमगांव वन विभाग की फगवा पार्टी व मोबाइल टीम के सहयोग से धूलिवंदन के दिन ग्राम सोनेखारी में होली महोत्सव पर सभी को धूलिवंदन व रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी गई. इस अवसर पर पूर्व जिप सदस्य जियालाल पंधरे, उपसरपंच ललित ठाकुर गजलाल गाते, सरपंच फत्तू गाते, सरपंच पटले, वन रक्षक कदम, नाने, संपत भगत, पुसाराम येलसरे, तेजराज गाते, ढोल मास्टर रामजी नेवारे, तान्हु पटले, फगवा आयोजक मुकेश किरसान, बिसराम सरवदे, रमेश रहांगडाले, नंदराम कन्नमवार उपस्थित थे।

# जुआ अड्डों पर मारा छापा, 21 पर मामला दर्ज

**गोंदिया**-रामनगर पुलिस की ओर से जुआ अड्डों पर छापेमारी कार्रवाई कर 21 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है. इस कार्रवाई में कुल 1 लाख 26 हजार 100 रुपए का माल जब्त किया गया. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को आगामी चुनावी वर्ष के मद्देनजर अपने थाना क्षेत्र में अवैध धंधों के खिलाफ प्रभावी छापेमारी करने का निर्देश दिया है.

उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर, पुलिस निरीक्षक संदेश कॅजले के मार्गदर्शन में होली के दिन वार्ड क्रमांक 3 कुड़वा में चल रहे जुआ अड्डे पर छापा मारकर 10 लोगों पर मामला दर्ज किया गया. कार्रवाई में मोबाइल, तासपत्ती समेत कुल 1 लाख 9 हजार 90 रुपए का माल जब्त किया गया, दूसरी - कार्रवाई कटंगीटोला रेलवे गेट के - पास की गई. इसमें 7 लोगों पर कार्रवाई कर कुल 9 हजार 500 रुपए का माल जब्त किया गया. तिसरी कार्रवाई विजयनगर कटंगी में की गई. जिसमें 7 हजार 80 रुपएका माल जब्त किया गया. 3 स्थानों की गई कार्रवाई = 3 स्थानों कार्रवाई में कुल 1 लाख 6 हजार 100 रुपए का माल जब्त किया गया. रामनगर पुलिस ने आरोपी राजकुमार खोब्रागडे, लेनिन रंगारी, विक्रांत रंगारी, राजेश खोब्रागडे, सुलेख मेश्राम, मिथुन वैद्य, देवेंद्र वराडे, टीकाराम रामटेके, अंकुश गणवीर, रितेशकुमार डोंगरे, दीपक मरस्कोल्हे, दिनेश मोरदेवे, रवि नांदणे, संतोष सनीचर, प्रेमलाल बागडे, ब्रह्मानंद कोकोडे, छगन उईके, सुनील सिल्लारे, श्रीराम पाचे, नरेश चिंतामण, राजेश पाचे के खिलाफ मामला दर्ज किया है. कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर व पुलिस निरीक्षक संदेश केंजले के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक उमेश माली, सहायक फौजदार राजेश भुरे, हवलदार राजेश भगत, छत्रपाल फुलबांधे, सुनीलसिंह चव्हाण, कपिल नागपुरे ने की है.

# राजनीतिक विज्ञापन के लिए पूर्वानुमति जरूरी

## » मीडिया सत्यापन व नियंत्रण समिति का किया गया गठन

**गोंदिया**-नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवार को टेलीविजन चैनलों, केबल नेटवर्क, केबल समाचार चैनलों, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक और निजी एफएम चैनलों, रेडियो, सोशल मीडिया और इंटरनेट वेबसाइटों, बल्क एसएमएस और रिकॉर्ड किए गए वाइस मैसेज से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए पूर्वानुमति आवश्यक है. इस आयोग ने हैंडबुक ऑन भारत निर्वाचन आयोग संबंध में मीडिया मैटर्स फॉर सीईओ एंड डीईओ इस मार्गदर्शिका में विस्तृत निर्देश दिए हैं. मार्गदर्शिका आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिलाधीश गोंदिया की अध्यक्षता में मीडिया सत्यापन व नियंत्रण समिति का गठन किया गया है. इस समिति के माध्यम से विज्ञापन का सत्यापन किया के प्रा जाएगा सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधीश को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करने का अधिकार है. राजनीतिक विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाण और नियंत्रण समिति की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार राजनीतिक विज्ञापनों को विज्ञापन संहिता और कार्यक्रम संहिता के प्रावधानों का पालन करना होगा. कोई व्यक्ति किसी उम्मीदवार या राजनीतिक दल का प्रचार करने वाले विज्ञापन नहीं दे हो सकता है. इसी प्रकार प्रिंट मीडिया के माध्यम से मतदान और पिछले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण भी आवश्यक है. विज्ञापनों के लिए आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से 2 दिन पहले समिति को प्रस्तुत करना होगा.

# खाटू श्यामबाबा की निशान ध्वज यात्रा निकली

## जगह-जगह किया गया स्वागत



**गोंदिया**-इस बार भी हारे के सहारे 3 धनुषधारी खाटू नरेश श्यामबाबा की निशान ध्वज शोभायात्रा श्याम गुणगान परिवार के तत्वावधान में अग्रसेन भवन स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर से निशान ध्वज यात्रा निकलकर अग्रसेन द्वार गांधी प्रतिमा, दुर्गा चौक, मारवाड़ी चौक, चांदनी चौक, गौशाला वार्ड, जैन कुशल भवन, सर्कस मैदान, विद्यानगर होते हुए गणेशनगर स्थित सति धाम खाटू श्याम के मंदिर पहुंची. एक सुसज्जित रथ पर खाटू श्याम की प्रतिमा को स्थापित कर शोभायात्रा निकली. शोभायात्रा में 101 महिलाओं ने निशान ध्वज लेकर शोभायात्रा के आगे-आगे चलते हुए शोभा बढ़ाई. शोभायात्रा के मार्ग में जय श्रीश्याम जय श्रीश्याम, हारे के सहारे तीन धनुषधारी श्यामबाबा की जय का उद्घोष करते हुए चल रहे थे.

# इस्कॉन ने मनाया गौर पूर्णिमा महोत्सव



**गोंदिया**-इस्कॉन के गोंदिया सेंटर में चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य दिवस मनाया गया. इस्कॉन के अध्यक्ष दामोदर चंद्रप्रभू ने बाताया कि गौर पूर्णिमा महोत्सव चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया गया. इस दिन भगवान चैतन्य महाप्रभु नवदीप मायापुर पश्चिम बंगाल में प्रकट हुए थे. समारोह की शुरुआत 11 बजे कीर्तन के साथ हुई. जिसमें प्रमुख आकर्षण भक्तों की ओर से भगवान चैतन्य महाप्रभु का महाअभिषेक रहा. जिसमें भगवान गौर निताई के महा अभिषेक में शंख की तेज पवित्र ध्वनियों के बीच विभिन्न प्रकार के फलों के रस उपयोग कर अभिषेक किया गया. भगवान को आरती तथा भोग अर्पित करते हुए अमृतमय लीलाओं का आनंद लेते हुए मृदंग और करताल की आवाज पर नृत्य, गायन, कीर्तन किया गया और भगवान की लीला पर ड्रामा किया गया. पश्चात सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान इस्कॉन अध्यक्ष दामोदर चंद्रप्रभु ने कहा कि इस युग में भगवान कृष्ण चैतन्य महाप्रभु के रूप में प्रकट हुए वैसे तो प्रत्येक युग में भगवान अवतार लेते हैं. चैतन्य महाप्रभु को सबसे दयालु अवतार माना जाता है. चैतन्य महाप्रभु ने कलयुग में भगवान के नाम संकीर्तन स्थापना की व सभी को बताया कि इस युग में केवल हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करके व्यक्ति परम सिद्धि प्राप्त कर सकता है.

# विश्व जल दिवस मनाया



देवरी -स्थानीय वी कौशल्यायन महिला महाविद्यालय में प्राचार्य अमितकुमार भुते की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस मनाया गया. संत तुकड़ोजी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया. प्राचार्य कपिल हेडावू, आई.जी. कोसरे, आर. टी. अहराज, एन. आर. सरपा उपस्थित थे. कार्यक्रम में अतिथियों ने आज के युग में उत्पन्न होने वाली जल संबंधी विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला. इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक पोस्टर और लघु रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. संचालन शुभांगी राऊत ने किया व आभार सोनाली सोनटक्के ने माना, सफलतार्थ आशीष इंदुरकर, पुष्पा वाघाडे ने प्रयास किया.

# वनरक्षक क्वार्टरों की स्थिति जर्जर

## खतरें में वन्य प्राणियों की सुरक्षा, कर्मचारी कर रहे अप-डाउन



**गोरेगांव** -गोरेगांव वन विभाग में आने वाले निंबा वन परिक्षेत्र वन संपत्ति की चोरियां व वन प्राणियों के शिकार के लिए हमेशा चर्चा में रहा है. जिसमें कई मामले सामने भी आए हैं. ऐसे में प्रशासन की ओर से ग्राम निंबा में वन संपत्तियों की सुरक्षा की दृष्टि से वनरक्षक क्वार्टर का निर्माण किया गया था, किंतु क्वार्टर पिछले 6 वर्षों से बेकार पड़ा धूल खा रहा हैं. वन कर्मचारी व अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में नहीं रहते हुए अप-डाउन करने में व्यस्त हैं. ऐसे में वन संपत्ति व वन्य प्राणियों की सुरक्षा की ओर अनदेखी की जा रही हैं. जिसके शिकार प्रकरण जैसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है. उल्लेखनीय है कि गोरेगांव वन विभाग में निंबा वन परीक्षेत्र वन्य प्राणियों की संख्या के दृष्टि से अति महत्वपूर्ण वन क्षेत्र है. इससे नागझिरा अभयारण्य क्षेत्र लगा है. सभी प्रकार के वन्य प्राणियों का बसेरा है. जिनकी सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने वनरक्षक को अपने कार्यक्षेत्र में रहने एक क्वार्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराई है, लेकिन वन विभाग का कोई भी कर्मचारी नहीं रहता है.

### अधिकांश कर्मचारी करते है अप- डाउन

कार्यरत वन कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्र में न रहते हुए गोंदिया, आमगांव, गोरेगांव जैसे शहरों से अप-डाउन करते हैं. प्रशासन को इस विषय पर खास तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है. जिसकी मांगवन्य प्रेमियों ने की जा रही है. वन विभाग की लापरवाहियों के चलते वन संपत्तियों की चोरियां निंबा/तेढ़ा वन परिक्षेत्र में दिनों दिन बढ़ रही है. जिसमें वन शिकारी सक्रिय हो रहे हैं. वनरक्षक का इस क्षेत्र में उपलब्ध रहना जरूरी है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।